BSES

बीएसईएस ने लॉन्च किया मोबाइल–ऐप

कॉल सेंटर पर फोन करने की जरूरत नहीं, मोबाइल–ऐप से कीजिए बिजली गुल की शिकायत

नई दिल्लीः 22 जुलाई, 2015। नई दिल्लीः 21 जुलाई, 2015। अब बीएसईएस के उपभोक्ता कभी भी और कहीं से भी, मोबाइल–ऐप के माध्यम से बिजली गुल की शिकायत तत्काल दर्ज करा सकते हैं। बिजली गुल के अलावा, उपभोक्ता स्ट्रीट लाइट व करंट आदि से संबंधित शिकायतें भी इस ऐप के जरिये दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज कराने के बाद, उनके एंड्रॉयड फोन पर एक शिकयत–नंबर भी भेजा जाएगा। इस शिकायत का स्टेटस क्या है, इसके बारे में भी वे इस ऐप के माध्यम से जानकारी ले सकते हैं।

बीएसईएस ने आज एक उपभोक्ता फ्रेंडली मोबाइल–ऐप लॉन्च किया। इसके साथ ही बीएसईएस, उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल–ऐप लॉन्च करने वाली दिल्ली की पहली बिजली कंपनी गई है। पहले चरण में यह मोबाइल–ऐप सिर्फ एंड्रॉयड फोन पर काम करेगा। आने वाले दिनों में, दूसरे प्लेटफॉर्म पर आधारित फोन्स पर भी यह ऐप काम करेगा।

बीएसईएस ऐप के नाम से लॉन्च किए गए इस हाईटेक मोबाइल–ऐप के माध्यम से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराना बेहद आसान है। इसके लिए उपभोक्ता के पास एक एंड्रॉयड फोन होना चाहिए, बस।

बीएसईएस का मोबाइल–ऐप एंड्रॉयड फोन वाला कोई भी उपभोक्ता डाउनलोड कर सकता है। इसके लिए आप, बीएसईएस की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू.बीएसईएसदिल्ली.कॉम पर जाएं और वहां, कस्टमर सपोर्ट नाम कॉलम पर क्लिक करें। फिर, स्क्रीन पर बीएसईएस ऐप नामका एक सॉफ्टवेयर आएगा, जिस पर क्लिक करके आप इस हाईटेक सॉफ्टवेयर को डानलोड कर सकते हैं।

इसे सिर्फ एक बार डाउनलोड करना है। इसके बाद आप कभी भी और कहीं से भी मोबाइल–ऐप के माध्यम से बिजली गुल, स्ट्रीट लाइट और करंट आदि से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज कराने के लिए आपको अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर डालना होगा।

मोबाइल–ऐप के पहले चरण के लॉन्च के साथ ही, उसके दूसरे चरण पर भी काम शुरू कर दिया गया है। दूसरे चरण का ऐप तैयार होने पर, उपभोक्ता अपनी बिजली खपत की पुरानी डिटेल जान पाएंगे, मोबाइल पर अपना बिल देख पाएंगे, बिजली कनेक्शन का स्टेटस जान पाएंगे और बिजली बचत के टिप्स भी ले पाएंगे।

जो उपभोक्ता मोबाइल–ऐप जैसी नई तकनीक के साथ सहज नहीं हैं, वे चौबीसों घंटे काम करने वाले कॉल सेंटर नंबर पर फोन करके बिजली गुल की शिकायत कर सकते हैं। बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए नंबर है– 39999707, और बीवाईपीएल उपभोक्ताओं के लिए नंबर है– 39999808 । इसके अलावा, उपभोक्ता एसएमएस के माध्यम से भी बिजली गुल की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बीआरपीएल उपभोक्ता टाइप करेंः बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, टाइप करें एनसी, स्पेस दें, अब अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और उसे 5616107 पर भेज दें। बीवाईपीएल उपभोक्ता टाइप करेंः बीएसईएसवाईपी, स्पेस दें, टाइप करें एनसी, स्पेस दें, अब अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइन करें और उसे 5616108 पर भेज दें।